ओएनजीसी
ONGC

ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड

ग्रीन हिल्स, तेल भवन, देहरादून

Great Place To Work® Certified
MAR 2021-FEB 2022
INDIA

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Gate-2022 के माध्यम से ई1 स्तर पर इंजीनियरिंग और जियो–साइंसेज़ विषयों में स्नातक प्रशिक्षुओं की भतद्र

विज्ञापन संख्या 6/2022 (आर एंड पी)

ओएनजीसी हमेशा राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सदैव प्रौद्योगिकी परिनियोजन में सबसे आगे रहा है। इसलिए हम भारत और विदेशों में अपने हाई–टेक प्रतिष्ठानों, संस्थानों, प्रयोगशालाओं और अन्य कार्य केन्द्रों के लिए युवा, ऊर्जावान और होनहार प्रतिभा की खोज में निरंतर संलग्न रहते हैं।

इच्छुक आवेदक जो Gate-2022 परीक्षा उत्तीर्ण हुए हैं उन्हें पैरा 2.1 में नीचे उल्लेखित पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

1. वेतनमान, परिलब्धियां और अन्य विक्तीय लाभ

क्र.स.	पद का स्तर	मूल वेतनमान (₹)	भक्तो
1	ई1	60,000–1,80,000/–	मूल वेतन और 3% की दर से वार्षिक वृद्धि के अतिरिक्त कंपनी के नियमों के अनुसार कर्मचारी कैफेटेरिया एप्रोच के अधीन मूल वेतन के 35% की दर से भत्ते, महंगाई भत्ता, एचआरए/कंपनी आवास कंट्रीब्यूटरी प्रोविडेंट फंड, कन्वेयेंस मेंटीनेंस, छुट्टी एन्केशमेंट, सब्स्टेन्शियल परफोरमेंस रिलेटेड पे (PRP), स्वयं और आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधा, ग्रेच्युटी, अवकाश प्राप्ति लाभ, कंपोज़िट सामाजिक सुरक्षा योजना इत्यादि का हकदार है।)

2. पद का विवरण व न्यूनतम योग्यता मानदंड

2.1 कोड के साथ अनिवार्य योग्यता व गेट विषय

क्र.स.	पद का नाम	अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता	गेट विषय	रिक्तियों की संख्या						निर्धारित अशक्तताओं हेतु उपयुक्त चिन्हित संवर्ग	निर्धारित अशक्तताओं संवर्गों हेतु आरक्षण				
				सामान्य	ओबीसी	एससी	एसटी	इडब्ल्यूएस	योग		ए	बी	सी	डी/ई	योग
1(a)	एईई (सीमेंटिंग) – मैकेनिकल	न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	मैकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई)	6 (1**)	3 (2**)	1	1	2	13 (3**)	श्रेणी सी (AAV, LC)			1 (1^)		1 (C - 1^)
1(b)	एईई (सीमेंटिंग) – पेट्रोलियम	न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	पेट्रोलियम इंजीनियरिंग (पीई)	2 (1**)	1	0	1	0	4 (1**)	श्रेणी सी (AAV, LC)					
2	एईई (सिविल)	न्यूनतम 60% अंकों के साथ सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	सिविल इंजीनियरिंग (सीई)	13 (5**)	7 (1**)	5 (1**)	2 (1**)	2	29 (8**)	श्रेणी बी (D, HH); श्रेणी सी (OA, OL, AAV, DW, LC); श्रेणी डी (SLD, MI); श्रेणी ई (बी से डी तक का संयोजन)		4 (4^)		3 (3^)	7 (B - 4^, D/E - 3^)
3	एईई (ड्रिलिंग) – मैकेनिकल	न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	मैकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई)	49 (7**)	35 (4**)	19 (5**)	7 (1**)	11	121 (17**)	श्रेणी सी (AAV, LC)			5 (5^)		5 (C - 5^)
4	एईई (ड्रिलिंग) – पेट्रोलियम	न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	पेट्रोलियम इंजीनियरिंग (पीई)	8	6	3	1	2	20	श्रेणी सी (AAV, LC)					
5	एईई (इलैक्ट्रिकल)µ	न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (ईई)	44 (17**)	30 (10**)	16 (5**)	3 (2**)	8 (1**)	101 (35**)	श्रेणी बी (D, HH); श्रेणी सी (OL, CP, AAV, LC, DW); श्रेणी डी (ASD(M), SLD, MI); श्रेणी ई (बी से डी तक का संयोजन)		16 (9^) (7*)	1 (1^)	9 (8^)	26 [(B - 9^, 7*), C - 1^, D/E - 8^)
6	एईई (इलेक्ट्रॉनिक्स)	न्यूनतम 60% अंकों के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री न्यूनतम 60% अंकों के साथ दूरसंचार इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री न्यूनतम 60% अंकों के साथ ई एंड टी इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसी)	9 (1**)	4	5 (1**)	2	2	22 (2**)	श्रेणी बी (D, HH); श्रेणी सी (OL, CP, AAV, DW, LC); श्रेणी डी (ASD(M), SLD, MI); श्रेणी ई (बी से डी तक का संयोजन)		1 (1^)			1 (B - 1^)
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ फिज़िक्स के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स में स्नातकोत्तर डिग्री	फिज़िक्स (पीएच)												
7	एईई (इंस्ट्रुमेंटेशन)	न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग (आईएन)	21 (7**)	13 (5**)	8 (2**)	5 (2**)	6 (2**)	53 (18**)	श्रेणी ए (LV); श्रेणी बी (HH); श्रेणी सी (OA, BA, OL, BL,AAV, LC, DW); श्रेणी डी (ASD(M), SLD, MI); श्रेणी ई (ए से डी तक का संयोजन)	11 (11^)	11 (3^) (8*)		5 (4^)	27 [A - 11^, B - 11(3^ , 8*), D/E - 4^)

क्र.स.	पद का नाम	अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता	गेट विषय	रिक्तियों की संख्या						निर्धारित अशक्तताओं हेतु उपयुक्त चिन्हित संवर्ग	निर्धारित अशक्तताओं संवर्गों हेतु आरक्षण				
				सामान्य	ओबीसी	एससी	एसटी	इडब्ल्यूएस	योग		ए	बी	सी	डी/ई	योग
8	एईई (मैकेनिकल)	न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	मैकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई)	43 (8**)	24 (3**)	12 (3**)	13 (2**)	11 (1**)	103 (17**)	श्रेणी बी (D, HH); श्रेणी सी (OA, OL, CP, AAV, DW); श्रेणी डी (SLD, MI); श्रेणी ई (बी से डी तक का संयोजन)		5 (5^)	1 (1^)	9 (7^)	15 (B - 5^, C - 1^, D/E - 7^)
9(a)	एईई (प्रोडक्शन) – मैकेनिकल	न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	मैकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई)	20 (8**)	8	6 (1**)	2	3	39 (9**)	श्रेणी सी (AAV, DW, LC)			2 (2^)		2 (C - 2^)
9(b)	एईई (प्रोडक्शन) – केमिकल	न्यूनतम 60% अंकों के साथ केमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	केमिकल इंजीनियरिंग (सीएच)	26 (3**)	17 (1**)	8	3	6	60 (4**)	श्रेणी सी (AAV, DW, LC)			4 (4^)		4 (C - 4^)
9(c)	एईई (प्रोडक्शन) – पेट्रोलियम	न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम इंजीनियरिंग/एप्लाइड पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	पेट्रोलियम इंजीनियरिंग (पीई)	14 (2**)	8	5	2	3	32 (2**)	श्रेणी सी (AAV, DW, LC)			2 (2^)		2 (C - 2^)
10	एईई (एन्वायरमेंट)	न्यूनतम 60% अंकों के साथ एन्वायरमेंट इंजीनियरिंग/एन्वायरमेंट साइंस में इंजीनियरिंग स्नातक डिग्री अथवा न्यूनतम 60% अंकों के साथ इंजीनियरिंग विषय में ग्रेजुएट सहित एन्वायरमेंट इंजीनियरिंग/एन्वायरमेंट साइंस में एम.टेक./एमई	एन्वायरमेंट साइंस एवं इंजीनियरिंग (ईएस)	5	4	1	0	1	11	श्रेणी सी (AAV, LC)					
11	एईई (रिज़र्वायर)@	न्यूनतम 60% अंकों के साथ जियोफिज़िक्स में स्नातकोत्तर डिग्री (बीएससी स्तर पर गणित/भौतिकी होना चाहिए)	जियोलॉजी और जियोफिज़िक्स (भाग ए और भाग बी के खंड 2) (जीजी)	14 (3**)	8	4	4 (3**)	3	33 (6**)	श्रेणी ए (LV); श्रेणी सी (AAV, DW, LC); श्रेणी ई (ए से सी तक का संयोजन)	2 (2^)			3 (2^)	5 (A - 2^, D/E - 2^)
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ जियोलॉजी में स्नातकोत्तर डिग्री (बीएससी स्तर पर गणित/भौतिकी होना चाहिए)	जियोलॉजी और जियोफिज़िक्स (भाग ए और भाग बी का खंड 1) (जीजी)												
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री (बीएससी स्तर पर गणित/भौतिकी होना चाहिए)	रसायन विज्ञान (सीवाई)												
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ गणित में स्नातकोत्तर डिग्री (बीएससी स्तर पर गणित/भौतिकी होना चाहिए)	गणित (एमए)												
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ फिज़िक्स में स्नातकोत्तर डिग्री (बीएससी स्तर पर गणित/भौतिकी होना चाहिए)	फिज़िक्स (पीएच)												
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी में स्नातकोत्तर डिग्री (बीएससी स्तर पर गणित/भौतिकी होना चाहिए)	पेट्रोलियम इंजीनियरिंग (पीई)												
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ केमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	केमिकल इंजीनियरिंग (सीएच)												
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम इंजीनियरिंग/एप्लाइड पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	पेट्रोलियम इंजीनियरिंग (पीई)												
12	केमिस्ट	न्यूनतम 60% अंकों के साथ रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर	रसायन विज्ञान (सीवाई)	16 (4**)	10 (1**)	5	4 (2**)	4 (1**)	39 (8**)	श्रेणी बी (HH); श्रेणी सी (OA, OL, BL, OAL, AAV, DW); श्रेणी डी (SLD, MI); श्रेणी ई (बी से डी तक का संयोजन)		5 (5^)	1 (1*)	4 (3^)	10 (B - 5^, D/E - 3^)
13	जियोलॉजिस्ट	न्यूनतम 60% अंकों के साथ जियोलॉजी में स्नातकोत्तर डिग्री	जियोलॉजी और जियोफिज़िक्स (भाग ए और भाग बी का खंड 1) (जीजी)	23 (4**)	16 (3**)	8 (1**)	3	5 (1**)	55 (9**)	श्रेणी बी (D,HH); श्रेणी सी (OA, OL, CP, AAV, DW, LC); श्रेणी डी (SLD, MI); श्रेणी ई (बी से डी तक का संयोजन)		22 (4^) (18*)	6 (6*)	6 (5^)	34 [(B - 18*, 4^), C - 6*, D/E - 5^]
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम जियो साइंस में एमएससी या एम.टेक.													
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ पेट्रोलियम जियोलॉजी में एमएससी या एम.टेक.													
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ जियोलॉजीकल टेक्नोलॉजी में एम.टेक.													

क्र.स.	पद का नाम	अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता	गेट विषय	रिक्तियों की संख्या						निर्धारित अशक्तताओं हेतु उपयुक्त चिन्हित संवर्ग	निर्धारित अशक्तताओं संवर्गों हेतु आरक्षण				
				सामान्य	ओबीसी	एससी	एसटी	इडब्ल्यूएस	योग		ए	बी	सी	डी/ई	योग
14	जियोफिज़िस्ट (सरफेस)	न्यूनतम 60% अंकों के साथ जियोफिज़िक्स में स्नातकोत्तर डिग्री	जियोलॉजी और जियोफिज़िक्स (भाग ए और भाग बी के खंड 2) (जीजी)	24 (4**)	14 (1**)	9 (1**)	3	4	54 (6**)	श्रेणी सी (AAV, DW, LC)			6 (6^)		6 (C - 6^)
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ जियोफिज़ीकल टेक्नोलॉजी में एम.टेक.													
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ फिज़िक्स के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स में स्नातकोत्तर डिग्री	फिज़िक्स (पीएच)												
15	जियोफिज़िस्ट (वेल्स)	न्यूनतम 60% अंकों के साथ जियोफिज़िक्स में स्नातकोत्तर डिग्री	जियोलॉजी और जियोफिज़िक्स (भाग ए और भाग बी के खंड 2) (जीजी)	13 (5**)	6 (1**)	3	0	2	24 (6**)	श्रेणी सी (AAV, LC)			3 (3^)		3 (C - 3^)
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ जियोफिज़ीकल टेक्नोलॉजी में एम.टेक.													
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ फिज़िक्स के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स में स्नातकोत्तर डिग्री	फिज़िक्स (पीएच)												
16	प्रोग्रामिंग अधिकारी	न्यूनतम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी (सीएस)	6	1	3	1	2	13	श्रेणी ए (B,LV); श्रेणी बी (D,HH); श्रेणी सी (OA, BA, OL, BL, OAL, CP, AAV, DW, LC); श्रेणी डी (ASD(M), SLD, MI); श्रेणी ई (ए से डी तक का संयोजन)					
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातक इंजीनियरिंग डिग्री													
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) में स्नातकोत्तर													
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर साइंस में स्नातकोत्तर													
		इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, भारत सरकार द्वारा परिभाषित 'बी' स्तर का डिप्लोमा													
17	मैटीरियल्स मैनेजमेंट ऑफिसर	न्यूनतम 60% अंकों के साथ किसी भी इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	एमई/ईई/आईएन/पीई/सीएच/सीई/ईसी/सीएस/ईएस	13 (1**)	8	6 (1**)	2	3	32 (2**)	श्रेणी ए (LV); श्रेणी बी (D, HH); श्रेणी सी (OA, OL, AAV, DW, LC, CP); श्रेणी डी (SLD, MI); श्रेणी ई (ए से डी तक का संयोजन)				3 (2^)	3 (D/E - 2^)
18	ट्रांसपोर्ट ऑफिसर	न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री	मैकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई)	6 (2**)	2	2	1 (1**)	2	13 (3**)	श्रेणी बी (D, HH); श्रेणी सी (OL, CP, AAV, DW, LC); श्रेणी ई (बी व सी का संयोजन)		1 (1^)		1 (1^)	2 (B - 1^, D/E - 1^)
		न्यूनतम 60% अंकों के साथ ऑटो इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री													
कुल				375 (83**)	225 (32**)	129 (21**)	60 (14**)	82 (6**)	871 (156**)		13	65	32	43	153

μ ओएनजीसी में शामिल होने के 2 वर्षों के भीतर विद्युत पर्यवेक्षक (सीसीईएस) के रूप में योग्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

@ कुल 33 रिक्तियां में से 15 रिक्तियां (सामान्य – 06, ओबीसी – 04, अनुसूचित जाति – 02, अनुसूचित जनजाति – 01 और निम्न आय वर्ग – 02) पीडब्ल्यूबीडी (श्रेणी डी/ई – 01, एईई (रिज़र्वायर) की रिक्ति विशेष रूप से पेट्रोलियम/एप्लाइड पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में स्नातक के लिए है।

** 2/2021 (आर एंड पी) और 3/2021 (आर एंड पी) भर्ती कार्यक्रम की अग्रणित गैर भरी रिक्तियां (रिक्ति/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के कारण)

^ विज्ञापन संख्या 2/2021 (आरएंडपी) और 3/2021 (आरएंडपी) के पीडब्ल्यूबीडी के अग्रणित आरक्षित रिक्तियां। यदि संबंधित निर्धारित अशक्तताओं से उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं, तो अन्य निर्धारित अशक्तताओं के पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों पर चिन्हित अशक्तताओं के मध्य संवर्गों के अंतरपरिवर्तन द्वारा विचार किया जा सकता है और यदि संवर्ग के अंतरपरिवर्तन द्वारा भी उपयुक्त पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं है, तो ये अग्रणित आरक्षण निर्धारित अशक्तताओं के अतिरिक्त अभ्यर्थियों से भरे जा सकते हैं।

* विज्ञापन संख्या 3/2019 (आरएंडपी) के अग्रणित आरक्षण जो पीडब्ल्यूबीडी के इतर से भरे गए हैं। यदि संबंधित निर्धारित अशक्तताओं से उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं, तो अन्य निर्धारित अशक्तताओं के पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों पर चिन्हित अशक्तताओं के मध्य संवर्गों के अंतरपरिवर्तन द्वारा विचार किया जा सकता है और यदि संवर्ग के अंतरपरिवर्तन द्वारा भी उपयुक्त पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं है, तो ये अग्रणित आरक्षण निर्धारित अशक्तताओं के अतिरिक्त अभ्यर्थियों से भरे जा सकते हैं।

प्रयुक्त संकेताक्षर : श्रेणी ए = अंधापन और कम दृष्टि; श्रेणी बी = बहरा और सुनने में कठिनाई; श्रेणी सी = लोकोमोटर विकलांगता जिसमें सेरेबल पाल्सी, कुष्ठ, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी सम्मलित है; श्रेणी डी = आत्मकेंद्रित, बौद्धिक अक्षमता, विशिष्ट सीखने की अक्षमता और मानसिक बीमारी; श्रेणी ई = बहरा–अंधा सहित श्रेणियों (ए) से (डी) के तहत व्यक्तियों में से कई अक्षमताएं; बी = अंधा, एलवी = कम दृष्टि, डी = बहरा, एचएच = सुनने में कठिनाई, ओए = एक हाथ, ओएल = एक पैर, ओएएल = एक हाथ और एक पैर, बीएल = दोनों पैर, बीए = दोनों हाथ, डीडब्ल्यू = बौनावाद, एलसी = कुष्ठ रोग, एएवी = एसिड अटैक पीड़ित, एमडीवाई = मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, सीपी = सेरेब्रल पाल्सी, आईडी = बौद्धिक विकलांगता, एएसडी = ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एम = माइल्ड, एमओडी = मॉडरेट), एसएलडी = विशिष्ट लर्निंग डिसेबिलिटी, एमआई = मानसिक बीमारी, एमडी = एकाधिक विकलांगता

नोट :

ए. नियमित मोड के माध्यम से संस्थानों/विश्वविद्यालयों द्वारा पेश किए जाने वाले पाठ्यक्रमों को संबंधित वैधानिक निकायों द्वारा केन्द्र सरकार के तहत पदों और सेवाओं जैसे एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू)/यूजीसी/एआईसीटीई आदि द्वारा रोजगार के लिए अनुमोदित/मान्यता प्राप्त होना चाहिए। दूरस्थ शिक्षा/अंशकालिक मोड के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने वाले उम्मीदवार भी आवेदन करने के लिए पात्र हैं बशर्ते उनकी योग्यता केंद्र सरकार के पदों और सेवाओं में रोजगार के लिए संबंधित वैधानिक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त हो।

बी. उपरोक्त तालिका में उल्लिखित अर्हताएं आलग्न हैं। कोई समकक्ष अर्हताएं स्वीकार नहीं की जाएगी। उदाहरण के लिए एएमआईई पर विचार नहीं किया जाएगा जहां योग्यता इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री है।

सी. अर्हता डिग्री में अंकों के प्रतिशत की गणना विश्वविद्यालय/संस्था के नियमों के अनुसार की जाती है।

डी. जहां कहीं डिग्री में सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई/डीजीपीए या लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार ऑनलाइन आवेदन में अंकों के समकक्ष % का संकेत दिया जाना चाहिए। कृपया विश्वविद्यालय/संस्थान से इस आशय का एक प्रमाण पत्र भी प्राप्त करें, जिसे दस्तावेज सत्यापन के समय जमा करना आवश्यक होगा। यदि विश्वविद्यालय/संस्थान के पास सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई/डीजीपीए या लेटर ग्रेड को प्रतिशत में बदलने का प्रावधान नहीं है तो 10 अंक के पैमाने पर न्यूनतम 6 को 60 प्रतिशत माना जाएगा।

ई. जो उम्मीदवार अंतिम वर्ष में हैं, उन पर भी इस भर्ती प्रक्रिया के लिए विचार किया जाएगा, बशर्ते उन्होंने ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि पर आवश्यक योग्यता में न्यूनतम आवश्यक प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हों।

एफ. जहां इस विज्ञापन में विनिर्दिष्ट पद किसी श्रेणी (यों) के लिए आरक्षित नहीं हैं, एक आरक्षित श्रेणी का उम्मीदवार भी आवेदन कर सकता है बशर्ते वह अनारक्षित श्रेणी के लिए विनिर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करता हो। उसे ऐसे पदों के लिए चयन प्रक्रिया में अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के समान माना जाएगा।

जी. एईई (इलेक्ट्रॉनिक्स), जियोफिज़िक्स (सरफेस) और जियोफिज़िक्स (वेल्स) के पद के लिए निर्धारित योग्यता में से एक फिज़िक्स के साथ इलेक्ट्रोनिक्स विनिर्दिष्ट में स्नातकोत्तर डिग्री है। उम्मीदवार के पास इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ भौतिकी में स्नातकोत्तर की डिग्री होनी चाहिए। निर्धारित नामकरण से नाम में किसी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा। रसायन विज्ञान और प्रौद्योगिकी में बीई/बीटेक की योग्यता एईई (उत्पादन) में – रसायन के पद के लिए स्वीकार्य नहीं होगा। केमिस्ट के पद के लिए फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री में पोस्ट ग्रेजुएट की योग्यता स्वीकार्य नहीं होगी। किसी भी इंजीनियरिंग में स्नातक के साथ सिविल इंजीनियरिंग में एम.टेक/एमई की योग्यता अथवा किसी भी इंजीनियरिंग स्नातक के साथ सिविल इंजीनियरिंग (विशेषज्ञता : एन्वायरमेंट इंजीनियरिंग) की योग्यता एईई (एन्वायरमेंट) पद के लिए स्वीकार्य नहीं होगा।

एच. मैटीरियल्स मैनेजमेंट ऑफिसर के पद के लिए किसी भी विषय जैसे निर्माण इंजीनियरिंग, प्रोडक्शन इंजीनियरिंग आदि में इंजीनियरिंग योग्यता वाले उम्मीदवार भी इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, इन उम्मीदवारों को पैरा 2.1 में उल्लिखित Gate के इंजीनियरिंग विषयों में से एक में उपस्थित होना होगा।

आई. ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के समय एक सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। डीओपीटी कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019– Estt (Res) दिनांक 31/01/2019 में निर्धारित प्रारूप और सक्षम प्राधिकारी का उल्लेख किया गया है। उसी की एक प्रति ऑनलाइन आवेदन साइट से भी डाउनलोड की जा सकती है

जे. यदि ईडब्ल्यूएस से संबंधित उपयुक्त उम्मीदवार की अनुपलब्धता के कारण ईडब्ल्यूएस के लिए निर्धारित कोई रिक्ति नहीं भरी जा सकती है, तो ऐसी रिक्तियों को बैकलॉग के रूप में अगली भर्ती प्रक्रिया में आगे नहीं बढ़ाया जाएगा और रिक्ति ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के अलावा अन्य द्वारा भरी जाएगी, अगर उपलब्ध हो।

2.2 आयु सीमा (आयु में छूट के साथ) 31.07.2022 तक

श्रेणी	एईई (डि÷लिंग/सीमेंटिंग) को छोड़कर सभी पदों के लिए आयु सीमा (वर्ष में)	एईई (डि÷लिंग/सीमेंटिंग) (वर्ष में)
अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस	30	28
अन्य पिछड़ा वर्ग	33	31
अनुसचित जाति/अनुसचित जनजाति	35	33
पीडब्ल्यूबीडी	40	38
	(ओबीसी के लिए 3 साल और एससी/एसटी के लिए 5 साल की और छूट)	
भूतपूर्व सैनिक (ईसीओ/एसएससीओ) (जनरल, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, एससी और एसटी)	35	33
	अधिसूचना संख्या 39016/10/79 – Estt(C) दिनांक 15.12.1979, 36034/1/2006 – Estt(Res) दिनांक 04.10.2012, कार्यालय ज्ञापन देखें। 36034/2/2013 – Estt(Res) दिनांक 08.04.2013	
विभागीय उम्मीदवार	विभागीय अभ्यर्थियों को आयु संबंधी छूट ओएनजीसी में प्रदान की गई उनकी सेवाओं की सीमा तक प्रदान की जाएगी, जो सामाजिक संवर्ग/पीडब्ल्यू. बीडी की आयु संबंधी छूट के अतिरिक्त होगी।	

नोट :

i. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय, जाति प्रमाण पत्र, निर्धारित प्रोफार्मा में भारत सरकार के तहत पदों पर नियुक्ति के लिए नामित प्राधिकारी से प्रस्तुत करना होगा, जिसमें अभ्यर्थी की जाति, अधिनियम/आदेश जिसके तहत जाति को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता दी गई है और उम्मीदवार जिस गांव/कस्बे का निवासी है, का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए।

ii. पीडब्ल्यूबीडी के रूप में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय फॉर्म V/VI/VII (विकलांग व्यक्तियों के अधिकार नियम, 2017 के नियम 18(1)) के अनुसार केवल निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित प्रपत्र में बेंचमार्क विकलांगता प्रमाण पत्र रखना/प्रस्तुत करना होगा।

iii. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए जाति प्रमाण पत्र और सरकारी उपक्रम में रोजगार के लिए दिव्यांगजन के लिए विकलांगता प्रमाण पत्र का निर्धारित प्रारूप ऑनलाइन आवेदन साइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

iv. अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके पास नवीनतम प्रारूप में भारत सरकार के प्राधिकरण द्वारा जारी नवीनतम नॉन–क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र है। जाति के नाम में किसी भी भिन्नता वाले प्रमाण पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

v. इस परीक्षा के लिए उम्मीदवार द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में पहले से ही दर्शाई गई श्रेणी में कोई बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी।

3. एईई (प्रोडक्शन), एईई (डि÷लिंग) और एईई (सीमेंटिंग) के पदों को आगे विशिष्ट योग्यताओं के साथ विभाजित किया गया हैऔर विशिष्ट अर्हता रखने वाले उम्मीदवार केवल उन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

4. चयन प्रक्रिया :

ए. **Gate-2022 :** इच्छुक और योग्य अभ्यर्थीगण, जो विज्ञापन पदों के लिए अनिवार्य योग्यता रखते हैं, योग्यता मानदंडों के अंतर्गत उपरोक्त पैरा 2.1 अनिवार्य योग्यता एवं Gate विषय व कोड में निदर्शितानुसार इंजीनियरिंग (Gate) 2022 में सम्मिलित हुए हों तथा Gate - 2022 प्राधिकारियों द्वारा योग्य घोषित किए गए हों।

बी. **ओएनजीसी के पदों के लिए उल्लिखित विषय में Gate-2022 सामान्यीकृत अंक (एक सत्र में परीक्षा आयोजित होने पर Raw अंक)** के अनुसार व्यक्तिगत साक्षात्कार की आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों को 1:5 अनुपात में शॉर्टलिस्ट करने के लिए ओएनजीसी द्वारा विचार किया जाएगा। प्रबंधन द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया जाएगा। संबंधित श्रेणियों में 1:5 के अनुपात में शॉर्टलिस्ट करते समय, न्यूनतम कट–ऑफ अंक प्राप्त करने वाले कई उम्मीदवारों को भी शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

सी. उम्मीदवार का अंतिम चयन मानकों के आधार पर होगा – शैक्षिक योग्यता; Gate-2022 में प्रदर्शन और व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन। निम्नलिखित वेटेज मापदंडों को दिया जाएगा :

मापदंड	अंक
Gate-2022 में अंकों का वेटेज	60
शैक्षणिक योग्यता	25 (अनिर्वाय शैक्षणिक योग्यता के लिए 20 अंक और इनलाइन पीएच.डी.* के लिए 05 अंक)
साक्षात्कार	15
कुल	**100**

*यदि दस्तावेज सत्यापन की तारीख को पूरा व दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत किया गया है।

डी. चयन के लिए, उम्मीदवारों को योग्यता मानदंडों को पूरा करने के अलावा Gate-2022 और उसके बाद फिर से व्यक्तिगत साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त करने के लिए, सामान्य, ईडब्ल्यूएस और अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों को न्यूनतम 60% अंक यानी 15 में से 09 अंक प्राप्त करने की आवश्यकता होती है और अनुसचित जाति/अनुसचित जनजाति/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को साक्षात्कार में न्यूनतम 40% अंक यानी 15 में से 06 अंक प्राप्त करने की आवश्यकता होती है।

5. प्रवीणता सूची को अंतिम रूप देना

ए. साक्षात्कार में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों को मेरिट लिस्ट में शामिल किया जाएगा।

बी. शैक्षणिक योग्यता, Gate-2022 अंक और साक्षात्कार में उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों के वेटेज कुल योग पर तैयार मेरिट लिस्ट में उनके सापेक्ष रैंक के आधार पर उम्मीदवारों को नियुक्ति का प्रस्ताव जारी किया जाएगा।

सी. दो उम्मीदवारों के बीच प्राप्त कुल अंकों में बराबरी की स्थिति में, प्रदर्शन (Gate 2022 में अंकों का वेटेज) में अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को वरिष्ठ माना जाएगा और यदि प्रदर्शन में समान अंक प्राप्त होते हैं, तो नाम जारी करने के लिए उम्र में बड़े को वरिष्ठ माना जाएगा।

डी. चयन के मामलों में विभागीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

ई. इस विज्ञापन के तहत ओएनजीसी में भर्ती प्रक्रिया के लिए केवल Gate-2022 में प्राप्त अंक ही मान्य हैं। Gate - 2022 या किसी पिछली Gate परीक्षा के अंक मान्य नहीं हैं।

एफ. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति ओएनजीसी चिकित्सा परीक्षा कर्मचारी नियम, 1996 के तहत निर्धारित मानकों के अनुसार कंपनी की चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने के अधीन होगी। नियमों का विवरण ओएनजीसी की वेबसाइट www.ongcindia.com पर उपलब्ध है।

6. आवेदन कैसे करें :

ए. योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों को अपना आवेदन ऑनलाइन पंजीकृत करने के लिए www.ongcindia.com पर जाना होगा। पंजीकरण साइट 22.09.2022 से 12.10.2022 तक खुली रहेगी। कोई अन्य माध्यम से नहीं, पुनश्च कोई अन्य माध्यम, से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बी. उम्मीदवार अपनी अर्हता के अनुसार अधिकतम तीन (03) पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वरीयता क्रम में पदों का विकल्प देना होगा। वरीयता क्रम में किसी परिवर्तन पर बाद में विचार नहीं किया जाएगा। एक से अधिक पदों के लिए चयनित होने पर ऑनलाइन आवेदन में दर्शाई गई वरीयता के आधार पर चयनित उम्मीदवार को केवल एक नियुक्ति का प्रस्ताव दिया जाएगा।

सी. यदि आरक्षित वर्ग के लिए किसी पद पर कोई रिक्ति नहीं है, तब भी आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार अनारक्षित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि उन्हें उम्र में छूट नहीं दी जाएगी।

डी. वेबसाइट पर अपने ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत/प्रस्तुत करने से पहले उम्मीदवारों को निम्नलिखित तैयार रखना चाहिए :

1. Gate-2022 पंजीकरण आईडी।
2. मोबाइल नंबर और ई–मेल आईडी (Gate-2022 आवेदन में भरा हुआ) जिसमें पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए ओटीपी भेजा जाएगा।

3. प्लेन सफेद बैकग्राउंड पर उम्मीदवार का हालिया पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ की स्कैन की गई कॉपी जिसमें फोटोग्राफ के ठीक नीचे चिपकाई गई एक छोटी सफेद शीट पर उम्मीदवार के हस्ताक्षर हों (70 केबी आकार से अधिक नहीं)

4. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र।

5. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित समुदाय, राज्य और जिले के बारे में विवरण भरने के लिए जाति/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र।

ई. पंजीकृत उम्मीदवारों के साथ सभी पत्राचार उनके पंजीकृत ई–मेल और मोबाइल फोन के माध्यम से ही किया जाएगा। उम्मीदवारों को पंजीकरण की तारीख से कम से कम एक वर्ष के लिए पंजीकृत ई–मेल और मोबाइल फोन को चालू रखना आवश्यक है।

एफ.साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए ऑनलाइन आवेदन साइट पर प्रमाणपत्रों की स्कैन की गई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है।

जी. साक्षात्कार के लिए चुने गए उम्मीदवारों के, स्कैन किए गए प्रमाणपत्रों को अपलोड करने आदि के संबंध में सभी जानकारी ओएनजीसी की वेबसाइट www.ongcindia.com पर उपलब्ध होगी। उम्मीदवारों को कोई अलग साक्षात्कार कॉल लेटर डाक द्वारा नहीं भेजे जाएंगे।

एच. प्रमाणपत्रों की स्कैन की गई प्रतियों को अपलोड करने और साक्षात्कार कॉल लेटर को डाउनलोड करने और प्रिंट करने की एकमात्र जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी।

आई. एक बार उम्मीदवार के ऑनलाइन आवेदन जमा कर देने के बाद किसी भी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

जे. पंजीकरण शुल्क : उम्मीदवारों की विभिन्न श्रेणियों पंजीकरण शुल्क निम्नानुसार है।

क्र.स.	श्रेणी	पंजीकरण शुल्क (रु.)
1	सामान्य/निम्न आय वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग	300/–*
2	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूबीडी	कोई शुल्क नहीं

*पंजीकरण शुल्क में सुविधा शुल्क/बैंक का कमीशन और जीएसटी शामिल नहीं है।

- पंजीकरण शुल्क अप्रतिदेय है।
- पंजीकरण शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा।
- ओएनजीसी के विभागीय उम्मीदवारों को भी लागू पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। हालांकि, वह प्रतिपूर्ति योग्य होगा।

के. उम्मीदवारों को केवल एक आवेदन जमा करने की सलाह दी जाती है। एक उम्मीदवार से कई आवेदनों के मामले में नवीनतम को अंतिम माना जाएगा और पुराने आवेदनों को खारिज कर दिया जाएगा।

एल. व्यक्तिगत साक्षात्कार में भाग लेने वाले सभी उम्मीदवार, जो शहर से बाहर यात्रा कर रहे हैं, जहां साक्षात्कार आयोजित किया गया है, उन्हें सबसे छोटे मार्ग से आने–जाने के लिए एकल द्वितीय श्रेणी का आने–जाने का रेल किराया (स्लीपर शुल्क/आरक्षण शुल्क शामिल है, यदि अदा किया गया है) या वास्तविक किराया, जो भी हो कम का भुगतान किया जाएगा। महामारी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, साक्षात्कार वर्चुअली भी आयोजित किया जा सकता है। इस मामले में साक्षात्कार का माध्यम (स्काइप/सिस्को वेबेक्स/गूगल मीट/वाट्सअप/जूम/माइक्रोसॉफ्ट टीम आदि) के बारे में शॉटलिस्ट उम्मीदवारों को पहले से ही सूचित कर दिया जाएगा। इस स्थिति में उम्मीदवारों को किसी भी यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।

7. महत्वपूर्ण तिथियां :

क्र.स.	गतिविधि	तिथि
1	आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण की आरंभ तिथि	22.09.2022
2	आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	12.10.2022

8. सामान्य निर्देश :

क. सभी उम्मीदवारों को पद की अनिवार्य अर्हताओं और विज्ञापन में निहित अन्य शर्तों को अवश्य रूप से पूरा करना होगा। उम्मीदवारों को सलाह है कि आवेदन से पूर्व पूरी तरह से संतुष्टि कर लें। योग्यता के बारे में पूछताछ किए जाने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

ख. सभी आवेदक केवल ऑनलाइन ही आवेदन करेंगे। किसी भी प्रकार की मैन्युअल प्रणाली/कागज पर आवेदन पर विचार नहीं होने वाला है।

ग. जांच और चयन उम्मीदवारों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारियों के आधार पर किया जाएगा। इसलिए आवश्यक है कि आवदेक केवल सही, सम्पूर्ण और समुचित विवरण उपलब्ध कराएं। त्रुटिपूर्ण/झूठी जानकारी दिए जाने की स्थिति में उम्मीदवारी को अयोग्य करार दिया जाएगा और ओएनजीसी ऐसी किसी भी त्रुटिपूर्ण/झूठी जानकारी के परिणामस्वरूप उत्पन्न स्थिति के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

घ. उम्मीदवारों के पास संबंधित दस्तावेज जैसे उत्तीर्ण की गई परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत, Gate स्कोर कार्ड, ई–मेल आईडी और मोबाइल नंबर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ करने से पहले उम्मीदवार के पास उपलब्ध होना चाहिए। इस जानकारी की आवश्यकता ऑनलाइन आवेदन करते समय पड़ेगी।

ड़. पंजीकृत उम्मीदवार की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर या भर्ती के समय या जॉइन करते समय उस स्थिति में अमान्य मान ली जाएगी यदि उम्मीदवार द्वारा उपलब्ध कराई गई कोई जानकारी झूठी या फिर विज्ञापन में वर्णित योग्यता मानदंड के अनुसार अनुपालकता में नहीं पाई जाती है।

च. ऑनलाइन आवेदन में घोषित पत्राचार पते/श्रेणी/विषय में किसी प्रकार के परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा।

छ. उम्मीदवार को ओएनजीसी पंजीकरण स्लिप और साक्षात्कार बुलावे पत्र की अपनी प्रति को भविष्य उद्देश्यों के लिए सम्भाल कर रखना चाहिए। इनके प्रिंट आउट्स के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। पंजीकरण स्लिप समेत कोई भी दस्तावेज आदि तब तक ओएनजीसी को नहीं भेजे जाने चाहिए जब तक कि इसके लिए मांग न की गई हो।

ज. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/सरकारी सेवा में कार्यरत उम्मीदवार को दस्तावेजों के सत्यापन के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा। साक्षात्कार के दिन NOC नहीं लाने पर अभ्यर्थी को एक अंडरटेकिंग देना होगा कि वह एक निर्धारित समय के अंदर उपयुक्त NOC जमा कर देगा या ONGC में चयनित होने पर अपनी वर्तमान कंपनी/संस्था से नियमपुर्वक Release होकर Join करेगा।

झ. ओएनजीसी विभागीय उम्मीदवारों को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि वे अपने ऑनलाइन आवेदन में अपना ओएनजीसी का सीपीएफ नंबर प्रविष्ट करें, ऐसा करने में असफल रहने पर उनका ओएनजीसी के विभागीय उम्मीदवार के तौर पर निश्चित रूप से जांच/साक्षात्कार नहीं किया जाएगा।

ट. एक उम्मीदवार से एक से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो सबसे हाल का (वर्तमान) आवेदन को अंतिम मान लिया जाएगा।

ठ. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र केवल दिल्ली होगा।

ड. स्नातक प्रशिक्षु (जीटी) भर्ती के लिए आवेदन कर रहे उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे आवेदन कर रहे पद के लिए सभी योग्यता शर्तों को पूरा करते हों। उनका प्रवेश चयन प्रक्रिया के सभी स्तरों पर पूरी तरह अस्थायी होगा जो कि निर्धारित योग्यताओं को पूरा करने के अधीन होगा। ऑनलाइन आवेदन के यूनिक आईडी/साक्षात्कार बुलावा पत्र जारी हो जाने मात्र का अभिप्राय यह नहीं होगा कि उम्मीदवार की उम्मीदवारी को ओएनजीसी द्वारा अंतिम रूप दे दिया गया है। ओएनजीसी साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थी का नाम लघुसूचीबद्ध करने के पश्चात ही मूल दस्तावेजों के सदर्भ में योग्यता शर्तों का सत्यापन आरम्भ करता है।

ढ. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति ओएनजीसी कर्मचारियों की चिकित्सीय जांच नियमावली, 1996 के अंतर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार कंपनी की चिकित्सीय जांच के अधीन होती है। नियमों का विवरण ओएनजीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हालांकि उम्मीदवारों के लाभ के लिए कुछेक मुख्य बिंदुओं को नीचे दिया जा रहा है :

क्र.स.	चिकित्सीय स्थिति	टिप्पणी
1	सम्पूर्ण या आंशिक रूप से रंग अंधता	केवल सामग्री प्रबंधन अधिकारी पद के लिए स्वीकार्य रहेंगे। अन्य सभी पदों के लिए स्वीकार्य नहीं।
2	मायोपिया की कुल मात्रा (सिलिंडर सहित) -4.00 D से अधिक न हो और हाइपरमेट्रोपिया की कुल मात्रा (सिलिंडर सहित) +4.00 D से अधिक न हो।	विज्ञापन में दर्शाए गए सभी पदों के लिए स्वीकार्य है।
3	20 वर्ष से अधिक आयु के उम्मीदवारों के लिए, मायोपिया की कुल मात्रा की सीमा - 6.00 D हो और हाइपरमेट्रोपिया की कुल मात्रा की सीमा + 6.00 D हो। (जिसमें कि वाइटेरियस या रेटिना में कोई खराबी न दिखे और बीमारी में कोई बढ़ोतरी होती न दिखे)	केवल एईई (रिज़र्वायर), केमिस्ट, जियोलॉजिस्ट, जियोफिज़िस्ट (सरफेस), जियोफिज़िस्ट (वेल्स), मैटीरियल्स मैनेजमेंट ऑफिसर और प्रोग्रामिंग अधिकारी के लिए स्वीकार्य रहेंगे। **अन्य सभी पदों के लिए स्वीकार्य नहीं।**
4	जन्मजात रात्रि अंधता	किसी भी पद के लिए स्वीकार्य नहीं।
कॉन्टेक्ट लेंसेज़ के साथ किसी भी तरह का सुधार और इंट्राक्यूलर इम्प्लांट्स रोज़गार के लिए प्रतिबंधित नहीं है बशर्ते निर्धारित मानकों को पूरा किया जा रहा हो। पीडब्ल्यूबीडी के रूप में आवेदन कर रहे उम्मीदवार पर पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के रूप में आरक्षण के लिए भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार विचार किया जाएगा।		

त. चयनित उम्मीदवारों को भारत या विदेश में कहीं भी पोस्ट किया जा सकता है।

थ. कंपनी के बारे में अधिक जानकारी के लिए आप हमारी वेबसाइट **www.ongcindia.com** पर जा सकते हैं।

द. निर्धारित योग्यता मानदंडों को पूरा न करने वाले उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर या चयन के बाद निरस्त कर दिया जाएगा। झूठी/त्रुटिपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने वाले उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर निरस्त कर दिया जाएगा।

ध. चयन/भर्ती प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों पर किसी तरह प्रभाव डलवाने पर उम्मीदवार को तुरंत अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। किसी भी विवाद के मामले में ओएनजीसी के प्रबंधन का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों द्वारा बाध्यकारी होगा।

न. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि किसी भी समाचार पत्र में बहलाने वाले विज्ञापनों पर ध्यान न दें। इस संबंध में किसी भी पत्राचार/विज्ञापन की सत्यता के लिए उम्मीदवार ओएनजीसी वेबसाइट **www.ongcindia.com** अवश्य देखें।

प. ध्यान दिया जाए कि ओएनजीसी पंजीकरण शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में किसी भी प्रकार के भुगतान की मांग नहीं करता।

महाप्रबंधक (मां सं) – प्रभारी निगमित भर्ती
ओएनजीसी, तेल भवन, देहरादून

"किसी भी मुद्रण त्रुटि यदि कोई है, इसके लिए लिए ओएनजीसी उक्तारदायी नहीं होगा। किसी भी प्रकार की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण माय होगा।